संपादकीय

# कितना कसेगा शिकंजा?

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे पोंजी स्कीम के समान हैं। लेकिन सरकार ने यह सलाह नहीं मानी है। इसके बजाय उसने इस कारोबार को विनिमियत करने का महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है।

केंद्र सरकार ने क्रिप्टो करेंसी पर शिकंजा कसने के लिए नए नियम लागू किए हैं। एक गजट अधिसूचना के मुताबिक अब क्रिप्टोकरेंसी को खरीदना-बेचना, रखना और इससे जुड़ी सेवाओं पर एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून लागू होगा। अब क्रिप्टो एक्सचेंजों को वित्तीय खुफिया इकाई भारत (एफआईयू-भारत) को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देनी होगी। समझा जाता है कि यह कदम क्रिप्टो करेंसी के कारोबार को विनिमियत करने के लिए उठाया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि क्रिप्टो करेंसी की खरीद- बिक्री से जुड़ी तमाम वित्तीय सेवाओं को अब मनी लॉन्ड्रिंग कानून- 2002 के तहत लाया गया है। अब यह देखने की बात होगी कि इस कदम से क्रिप्टो कारोबार सचमुच कितना विनियमित होता है। क्रिप्टो कारोबार एक नई चीज है, जबकि मनी लॉन्ड्रिंग कानून उस समय की स्थितियों के मुताबिक बना था। इसलिए कुछ विशेषज्ञों ने सवाल उठाया है कि क्या यह कदम सचमुच इस नए कारोबार पर लगाम कस सकेगा। भारत ने अभी तक क्रिप्टोकरेंसी के लिए किसी खास कानून या नियमों को लागू नहीं किया गया है, जबकि भारती रिजर्व बैंक ने कई बार उनके इस्तेमाल के प्रति आगाह किया है।

बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसी साल जनवरी में कहा था कि क्रिप्टोकरेंसी जुए के बराबर है। उन्होंने कहा था कि इसका समर्थन करने वाले इसे संपत्ति या वित्तीय उत्पाद कहते हैं, लेकिन इसमें कोई अंतर्निहित मूल्य नहीं है। क्रिप्टोकरेंसी का मुकाबला करने के लिए आरबीआई ने हाल ही में पायलट मोड में अपना ई-रुपया या केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) लॉन्च किया। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे पोंजी स्कीम के समान हैं। लेकिन सरकार ने यह सलाह नहीं मानी है। इसके बजाय उसने इस कारोबार को विनिमियत करने का महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है। नए कदम के तहत अब क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के मामलों में भारतीय अधिकारियों को देश की सीमाओं से बाहर भी इन संपत्तियों के ट्रांसफर की निगरानी में अधिक अधिकार हासिल हो जाएंगे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल के बजट में वर्चुअल डिजिटल एसेट्स से होनी वाली आय पर तीस प्रतिशत टैक्स लगाने का फैसला किया था।

# 5 जी ग्राहक संख्या 2024-25 तक 30 करोड़ तक होगी, सेट की ऊंची कीमतों का असर होगा : क्रिसिल




**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक भारत में 5 जी मोबाइल नेटवर्क सेवा का उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 30 करोड़ तक पहुंच जाएगी लेकिन यह समग्र ग्राहकों की संख्या की एक तिहाई ही होगी। मार्च 2023 के अंत तक दो से ढाई करोड़ के बीच रहने का अनुमान है।

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक नवीन वैद्यनाथन का मानना है कि 5जी हैंड सेट की ऊंची कीमतें इसके अपनाए जाने की गति को प्रभावित करेगी। क्रिसल का कहना है कि अभी 5जी सेवाएं कंपनियों के आकर्षक टैरिफ प्लान के कारण है और आम लोग कृषि, शिक्षा और अन्य कामों में इसके लाभ के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार के बाद इसकी ओर तेजी से आकर्षित हो सकते हैं।

रेटिंग एजेंसी ने जारी एक रिपोर्ट में कहा कि मार्च 2025 के अंत तक भारत में डाटा का उपभोग आज की तुलना में 40 बढ़ जाएगा और इससे सेवा प्रदाता कंपनियों की औसत प्रति उपयोगकर्ता आय (एआरपीयू) में बढोतरी होगी।

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 29024-25 के अंत तक भारत में शेश दो-तिहाई ग्राहक 4 जी नेटवर्क का उपयोग करना जारी रखेंगे।

क्रिसिल के अनुसार 5जी सेवाओं के ग्राहकों की ओर से डेटा की खपत को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि वे बेहतर गति के लिए उच्च डेटा पैक की ओर बढ़ेंगे। इससे प्रति उपयोगकर्ता कुल औसत राजस्व (एपीआरयू) और दूरसंचार कंपनियों की कमाई बढेगी।

रिपोर्ट के अनुसार देश में अक्टूबर 2022 से 5 जी सेवाओं की शुरूआत हुई है और अब तक 300 से अधिक शहरों में कंपनियां 5जी नेटवर्क सेवाएं शुरू कर चुकी हैं। क्रिसिल का कहना है जब इसके खुदरा-इस्तेमाल का फायदा बढ़ेगा तो आम लोगों द्वरा 5जी को अपनाने की गति बढ़ेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 5त्र के ढेर सारे फायदे बताए जा रहे हैं जिनमें स्मार्ट क्लासरूम, सटीक खेती और बुद्धिमान परिवहन प्रणाली जैसे मामलों में इसका उपयोग शामिल है। पर लोग इसे तब बढ़े पैमाने पर आनाएंगे जबकि 5जी नेटवर्क सेवाओं के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार दिखेगा।

रिपोर्ट के अनुसार अभी बुनियादी ढांचे के सुधार में धीरे-धीरे कुछ वर्ष लग जाएंगे।

क्रिसिल का कहना है कि वर्तमान में 5त्र सेवाओं को अपनाने की गति दूरसंचार कंपनियों द्वारा पेश किए जा रहे प्रौद्योगिकी-तटस्थ टैरिफ प्लान से संचालित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपयोगकर्ताओं के बीच 5 जी उपकरणों की पैठ भी 5 जी सेवाओं को अपनाने के लिए महत्वपूर्ण होगी।

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक नवीन वैद्यनाथन ने कहा, वर्तमान में भारत में हर साल बिकने वाले 15-17 करोड़ स्मार्ट फोन में से लगभग 30-35 प्रतिशत फोन 5जी सक्षम होते हैं। इस तरह 5 जी सेट का आधार अभी कम है क्यों कि ये सेट 4जी की तुलना में महंगे हैं।

उन्होंने कहा कि हैंड सेट की ऊंची लागत 2025 तक उपोगकर्ताओं की संख्या 30 करोड़ तक सीमित रख सकती है। उन्होंने कहा एक तरह से देखें तो वर्ष 2024-25 तक समग्र उपयोगकर्ताओं में केवल एक तिहाई ग्राहक ही 5जी अपना रहे होगे।

# जियो ने पेश किए नए पोस्टपेड फैमिली प्लान

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता रिलायंस जियो ने बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने वाले एक कदम के तहत नया फैमिली प्लान जियो प्लस पेश किए हैं, जिसमें में पहले कनेक्शन के लिए ग्राहक को 399 रु चुकाने होंगे, प्लान में तीन अतिरिक्त कनेक्शन जोड़े जा सकेंगे। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इस प्लान में प्रत्येक अतिरिक्त कनेक्शन के लिए 99 रुपए चुकाने होंगे।

यह प्लान एक महीने के फ्री ट्रायल के साथ पेश किया गया है। इसमें चार कनेक्शन के लिए कुल 696 रुपए में 75जीबी डेटा मिलेगा। चार कनेक्शन वाले फैमिली प्लान में एक सिम पर हर महीने औसतन 174 रुपया खर्च आएगा।

जियो ने कहा हे कि अगर एक महीने के फ्री ट्रायल के बाद भी कोई यूजर सर्विस से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपना कनेक्शन कैंसिल करा सकता है।

इसी तरह 100 जीबी प्रति की खपत वाले ग्राहकों के लिए पहले कनेक्शन पर 699 रुपए चुकाने और प्रत्येक अतिरिक्त तीन कनेक्शन पर 99 रु प्रति कनेक्शन देना होगा। कंपनी ने कुछ व्यक्तिगत प्लान भी लॉन्च किए गए हैं। इसमें 299 रुपए का 30 जीबी का प्लान है और एक अनलिमिटेड डेटा प्लान भी है जिसके लिए ग्राहक को 599 रु चुकाने होंगे।


जियो फाइबर यूजर्स, कॉर्पोरेट कर्मचारियों, अन्य ऑपरेटरों के मौजूदा पोस्टपेड यूजर्स के साथ एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई के क्रेडिट कार्ड धारकों को कोई सिक्योरिटी डिपॉजिट भी नहीं देना होगा।

जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, जियो प्लस लॉन्च करने का मकसद, समझदार पोस्टपेड उपयोगकर्ताओं को नए लाभ और अनुभव देना है। कई पोस्टपेड यूजर्स नये सेवा प्रदाता पर स्विच करने के लिए आसान रास्ता अपनाना चाहते हैं, जियो प्लस प्लान के फ्री ट्रायल से उन्हें अपनी समस्या का समाधान मिल जाएगा।

# फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी बोली में शामिल होगा मोरक्को

**रबात।** मोरक्को के सुल्तान मोहम्मद षष्ठम ने घोषणा की है कि उनका देश फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी हासिल करने के लिए स्पेन और पुर्तगाल के साथ संयुक्त रूप से बोली लगाएगा। सुल्तान ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) को भेजे एक संदेश में कहा कि यह संयुक्त बोली अफ्रीका और यूरोप, उत्तरी और दक्षिणी भूमध्यसागरीय, अफ्रीकी, अरब और यूरो-भूमध्यसागरीय दुनिया को एक साथ लेकर आएगी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह हममें सर्वश्रेष्ठ को सामने लेकर आएगा जो कि प्रतिभा, रचनात्मकता, अनुभव और साधनों का एक वास्तविक मिश्रण होगा। यह संदेश सुल्तान ने रवांडा के किगाली में सीएएफ आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट अवार्ड 2022 के अवसर पर अपने संबोधन में दिया। फीफा विश्व कप की मेजबानी करने के लिए मोरक्को छठी बार बोली लगाने जा रहा है, इससे पहले वह 1994, 1998, 2006, 2010 और 2026 के लिए असफल कोशिश कर चुका है।

# ऐतिहासिक पहाड़ी मार्गो पर चलेगी 35 हाइड्रोजन ट्रेन



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय बजट 2023-24 में 2800 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विरासत व पहाड़ी मार्गो के लिए 35 हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेनों के लिए विकास कार्य कर रहा है। रेल मंत्रालय को 2023-24 के दौरान पूंजीगत व्यय के लिए सकल बजट समर्थन (जीबीएस) के रूप में 2,40,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें पूंजी के तहत 1,85,000 करोड़ रुपये, रेलवे सुरक्षा कोष के तहत 45,000 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय रेल सुरक्षा कोष में योगदान के रूप में 10,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।

2023-24 के लिए योजना शीर्ष 'नई लाइनें' के लिए सकल बजटीय सहायता में से कुल 31,850 करोड़ आवंटित किए गए हैं। 2023-24 के लिए नई लाइनों के लिए क्षेत्रवार निधि आवंटन किया गया है। इसके तहत केंद्रीय रेलवे को 1234.95 करोड़,

पूर्व रेलवे को 432.95 करोड़, उत्तरी रेलवे को 11617.30 करोड़, उत्तर पूर्वी रेलवे को 792.00 करोड़, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को 6591.00 करोड़, दक्षिण रेलवे को 1158.15 करोड़, दक्षिण केंद्रीय रेलवे को 819.50 करोड़, दक्षिण पूर्वी रेलवे 14.90 करोड़, पश्चिमी रेलवे 1011.70 करोड़, पूर्व मध्य रेलवे को 1518.02 करोड़, पूर्वी तट रेलवे 1984.00, उत्तर मध्य रेलवे 2.13 करोड़, उत्तर पश्चिमी रेल को 861.65 करोड़, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 389.00, दक्षिण पश्चिमी रेलवे 1408.35 और पश्चिम मध्य को 2014.40 करोड़ आवंटित किए हैं।

उन्होंने कहा कि नई ट्रेनों की शुरुआत रेलवे के नियमित दैनिक परिचालन का एक हिस्सा है। 2023-24 के लिए योजना शीर्ष 'ग्राहक सुविधाएं' के लिए सकल बजटीय सहायता में से 13,150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट 2023-24 में 2800 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विरासत व पहाड़ी मार्गो के लिए 35 हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रेनों के विकास को शामिल किया गया है। इसके अलावा 600 करोड़ रुपए की लागत से विरासत मार्गो के लिए हाइड्रोजन इंफ्रास्ट्रक्चर को भी तैयार किया जा रहा है।

# भारतीय फर्मो की क्लाउड प्रदाताओं से मांग, पूरे वातावरण में एक साथ काम हो : ओरेकल

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे क्लाउड मुख्यधारा में आता है, सभी आकार के भारतीय संगठन आने वाले वर्षो में तेजी से मांग करेंगे कि विभिन्न क्लाउड समाधान प्रदाता एक-दूसरे के साथ काम करें-चाहे वह मल्टी-क्लाउड या हाइब्रिड क्लाउड वातावरण हो।

शैलेंद्र कुमार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल मैनेजिंग डायरेक्टर इंडिया और नेटसुइट जेएपीएसी ने आईएएनएस को बताया कि भारत के 'टेकडे' में कारोबार और काम का बोझ अधिक जटिल होता जा रहा है और जिस तरह से तकनीक का उपयोग किया जा रहा है, वह तेजी से बदल रहा है।

उद्योग के दिग्गज कुमार ने कहा, चूंकि चपलता, मापनीयता और अनुकूलन ग्राहकों के बीच शीर्ष व्यावसायिक प्राथमिकताएं हैं, कई बादलों की प्रभावकारिता और मांग का विस्तार ही होगा। भारत में क्लाउड के लिए जबरदस्त अवसर हैं। बाजार तेजी से बढ़ रहा है और नई, उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्र के हितधारक अधिक खुले हैं। 53 प्रतिशत उद्यमों ने पिछले एक साल में अपने क्लाउड एडॉप्शन में वृद्धि की है और 84 प्रतिशत बड़े संगठनों ने सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सास) को अपनाया है। कुमार ने कहा, आने वाले वर्षो में संगठन तेजी से मांग करेंगे कि उनके विभिन्न क्लाउड समाधान प्रदाता एक-दूसरे के साथ काम करें, चाहे वह मल्टी-क्लाउड या हाइब्रिड क्लाउड वातावरण हो, ताकि वे परिचालन दक्षता हासिल कर सकें और सर्वोत्तम ग्राहक सेवा प्रदान कर सकें। ओरेकल क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर (ओसीआई) इकाई के 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ ओरेकल इंडिया लगातार तीसरे वर्ष एक महत्वपूर्ण विकास इंजन बना हुआ है। कुमार ने बताया, हमारा सास कारोबार तेजी से बढ़ा है और पोर्टफोलियो फ्यूजन ईआरपी, एचसीएम या सीएक्स सॉल्यूशंस में उच्च मांग में बना हुआ है। हम शानदार सौदे बंद कर रहे हैं और नए उद्योगों में प्रवेश कर रहे हैं। कंपनी दूरसंचार, सार्वजनिक क्षेत्र और बीएफएसआई क्षेत्रों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारी अवसर देखती है। हालांकि, मैन्युफैक्चरिंग, ई-कॉमर्स/रिटेल, हेल्थकेयर, एडटेक और स्टार्टअप जैसे नए क्षेत्र भी काफी प्रोत्साहन दे रहे हैं। कुमार ने कहा, हम नवाचार को प्राथमिकता देना जारी रखेंगे जो हमारे ग्राहकों को व्यावसायिक मूल्य प्रदान करता है, क्योंकि हम मल्टी-क्लाउड, हाइब्रिड क्लाउड इकोसिस्टम और भारत में अधिक से अधिक व्यवसायों के लिए क्लाउड लाने के लिए नए, आधुनिक अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिसमें पीएसयू और नियामक क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां शामिल हैं।

# आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल में पहली बार चखा जीत का स्वाद

**मुंबई।** युवा प्रतिभा कनिका आहूजा (46) की संकटमोचक पारी और ऋचा घोष (31 नाबाद) के साथ उनकी अर्द्धशतकीय साझेदारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स की पूरी टीम 135 रन पर सिमट गयी। आरसीबी ने 136 रन का लक्ष्य 18 ओवर में हासिल कर लिया। आरसीबी के गेंदबाजों ने करो या मरो मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए पहली बार किसी टीम को ऑलआउट किया। एलिसे पेरी ने गेंदबाजों की अगुवाई करते हुए चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये। आशा शोभना और सोफी डिवाइन ने दो-दो विकेट लिये, जबकि मेगन शूट और श्रेयंका पाटिल को एक-एक सफलता हासिल हुई।

अपनी पहली जीत तलाश रहे आरसीबी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 60 रन पर चार विकेट गंवा दिये, हालांकि कनिका अपनी टीम को संकट से निकालने के लिये क्रीज पर आईं। कनिका ने 30 गेंद पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 46 रन बनाये और ऋचा (32 गेंद, 31 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी की। कनिका जीत के करीब आकर आउट हो गयीं, लेकिन श्रेयंका पाटिल ने विजयी रन बनाकर अंक तालिका पर आरसीबी का खाता खोल दिया।

आरसीबी छह मैच में दो अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि वॉरियर्स अब भी चार अंक के साथ तालिका मेंतीसरे पायदान पर बरकरार है।

आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और सोफी डिवाइन ने पहले ही ओवर में वॉरियर्स के दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन लौटा दिया। कप्तान एलीसा हीली एक रन बना सकीं जबकि देविका वैद्या शून्य रन पर आउट हुईं।

अगले ओवर में मेघन शूट ने ताहलिया मैकग्रा को आउट करके वॉरियर्स का स्कोर 5/3 कर दिया। किरण नवगिरे (26 गेंद, 22 रन) ने अपनी धैर्यवान पारी में कुछ अच्छे शॉट खेले। आशा शोभना ने पावरप्ले के बाद नवगिरे और सिमरन शेख का विकेट लेकर वॉरियर्स की आधी टीम को पवेलियन लौटा दिया।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन मंगलकारी होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। राजनेता हैं तो राजकाज में संघर्ष होगा। मन प्रसन्न होगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य / यात्रा सम्पन्न होगा।

***वृष :*** आज आपका दिन शुभ रहेगा। दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा। संतान द्वारा सहयोग मिलेगा।

***मिथुन :*** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी।

***कर्क :*** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा।

***सिंह :*** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। संतान का सहयोग मिलेगा।

***कन्या :*** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी। धन का लाभ मिलेगा। राजकाज में सफलता मिलेगी।

***तुला :*** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी।

***वृश्चिक :*** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। परिवार की समस्या रहेगी। प्रतिष्ठा का लाभ होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

***धनु :*** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। परिवारिक समस्याएं रहेंगी। राजकाज में संघर्ष होगा। मान-सम्मान का ध्यान रखें।

***मकर :*** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी। मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा। निर्माण में प्रगति होगी।

***कुंभ :*** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

***मीन :*** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। घरेलू समस्याएं आयेंगी।

# कंगना रनौत ने पूरी की चंद्रमुखी 2 की शूटिंग



एक्ट्रेस कंगना रनौत ने चंद्रमुखी 2 की शूटिंग पूरी कर ली और को-स्टार राघव लॉरेंस के लिए एक नोट लिखा। कंगना ने इंस्टाग्राम पर लॉरेंस के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा: मैं आज चंद्रमुखी की शूटिंग पूरी कर ली है, मुझे कई अद्भुत लोगों को अलविदा कहना बहुत मुश्किल लगता है, जिनसे मैं मिली थी, मेरे पास इतना प्यार क्रू था। मेरे पास राघव लॉरेंस सर के साथ कोई तस्वीर नहीं थी क्योंकि हम हमेशा फिल्मी वेशभूषा में होते हैं इसलिए आज सुबह शूटिंग शुरू होने से पहले मैंने एक फोटो के लिए अनुरोध किया।

मैं सर से बहुत प्रेरित हूं। उन्होंने एक कोरियोग्राफर के रूप में अपना करियर शुरू किया था, वास्तव में एक बैक डांसर के रूप में, लेकिन आज वह न केवल एक ब्लॉकबस्टर फिल्म सुपरस्टार हैं बल्कि एक अविश्वसनीय रूप से अद्भुत इंसान भी हैं। जा रहा है। आपकी हास्य अद्भुत भावना और मेरे जन्मदिन के लिए सभी उपहारों के लिए धन्यवाद, सर। आपके साथ काम करके बहुत अच्छा समय बीता।

2005 में रिलीज हुई फिल्म की प्रीक्वेल में सुपरस्टार रजनीकांत और ज्योतिका सरवनन ने अभिनय किया था।

चंद्रमुखी मलयालम फिल्म मणिचित्राथझु की रीमेक थी और इसे हिंदी में अक्षय कुमार-स्टारर भूल भुलैया के रूप में रूपांतरित किया गया था।

# अपेक्षा पोरवाल ने शुरू की स्लेव मार्केट 2 की शूटिंग



अभिनेत्री अपेक्षा पोरवाल, जो अपनी पहली सीरीज अनदेखी से प्रसिद्ध हुईं और बधाई दो और अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी-अरबी शो स्लेव मार्केट के पहले सीजन में भी नजर आई थीं, उन्होंने अब अबू धाबी में शो के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है।

स्लेव मार्केट 20वीं शताब्दी की शुरूआत में स्थापित एक पीरियड ड्रामा है, जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बहुत ही संगठित तरीके से दासतां का अभ्यास किया जाता था।

लसाद कुसलती द्वारा निर्देशित, सीरीज में ब्रिटिश लाइन, अरब लाइन, अफ्रीकी लाइन और भारतीय लाइन शीर्षक वाली पांच कहानियां शामिल हैं। सभी कहानियां उस अवधि के दौरान गुलामी और उसके प्रचलन के सामान्य विषय से संबंधित हैं।

# ट्राई करें पालक पनीर पराठा



अगर आप हर बार एक ही तरह के पराठे खा-खाकर बोर हो चुके हैं, तो आज हम आपको बताएंगे एक नई और स्वादिष्ट रेसिपी के बारे में। पालक पनीर की सब्जी तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन क्या कभी पालक पनीर पराठा खाया है। अगर नहीं तो इस बार इसे जरूर ट्राई करें।

**सामग्री :**

300 ग्राम कटी हुई पालक, 250 ग्राम पनीर, 4-5 हरी मिर्च, 3-4 लहसुन की कलियां, एक चम्मच तेल या घी, एक कप गेंहू का आटा, एक चम्मच नमक, एक चम्मच जीरा, एक चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, एक बड़ा साइज प्याज, एक चम्मच चिली फ्लेक्स, एक चम्मच भुना हुआ जीरा पाउडर, मैगी मसाला, थोड़ा सा पानी, स्वादानुसार नमक

**विधि :**

सबसे पहले पालक, हरी मिर्च और लहसुन को ब्लेंडर में डालकर प्यूरी तैयार कर लें।

अब गेहूं के आटे में तैयार प्यूरी, नमक और थोड़ा सा तेल या घी डालकर नरम आटा गूंथ लें।

इसके बाद स्टफिंग बनाने के लिए एक पैन में तेल गर्म कर उसमें जीरा, अदरक लहसुन का पेस्ट और हरी मिर्च डालकर भुनें।

अब प्याज डालें और सुनहरा होने तक इसे भुनें। इसके बाद चिल्ली फ्लेक्स, भुना जीरा पाउडर और नमक भी डालें।

अंत में कद्दूकस किया हुआ पनीर और मैगी मसाला डालकर अच्छे से मिलाएं और 2-3 मिनट तक भुनें।

अब आटे की छोटी रोटी बेलें और फिर बीच में तैयार स्टफिंग भरकर इसे पराठे की तरह बेलें।

इसके बाद तवा गरम करें और पराठे को घी या मक्खन की मदद से अच्छे से सेंक लें।

तैयार है पालक पनीर के स्वादिष्ट पराठे। इसे दही या चटनी के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-05

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 004 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## सू-दोकू- 05

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.004 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |